भारत सरकार
जल शक्ति मंत्रालय
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 93
दिनांक 25.11.2024 को उत्तर दिए जाने के लिए

राजस्थान में जल जीवन मिशन योजना

93 # श्री नीरज डांगीः
क्या **जल शक्ति मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः
(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि राजस्थान राज्य में जल जीवन मिशन के अंतर्गत कार्यों में विलंब हो रहा है;
(ख) यदि हां, तो सरकार द्वारा इन कार्यों में तेजी के लिए क्या प्रयास किए जा रहे हैं;
(ग) जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत घटिया गुणवत्ता की पाइपलाइन, टंकिया और पंप हाउसों से संबंधित घटनाओं का राज्य-वार ब्यौरा क्या है; और
(घ) क्या सरकार के पास राजस्थान राज्य में जल जीवन मिशन के अंतर्गत नल कनेक्शन की संख्या संबंधी कोई आंकड़ा है यदि हां, तो तत्संबंधी जिला-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

राज्य मंत्री, जल शक्ति
(श्री वी. सोमण्णा)

(क) और (ख): भारत सरकार द्वारा राजस्थान राज्य सहित राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों की सहभागिता से माह अगस्त, 2019 से सभी ग्रामीण परिवारों हेतु पीने योग्य जल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए जल जीवन मिशन का कार्यान्वयन किया जा रहा है। इस मिशन का लक्ष्य प्रत्येक ग्रामीण परिवार के लिए निर्धारित गुणवत्ता (बीआईएस 10:500) के साथ पर्याप्त मात्रा में (55 एलपीसीडी) नियमित और दीर्घकालिक आधार पर नल जल आपूर्ति का प्रावधान करना है। भारत सरकार जेजेएम के अंतर्गत तकनीकी और वित्तीय सहायता प्रदान करके राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के प्रयासों में सहायता करती है।

राजस्थान राज्य सरकार द्वारा जेजेएम आईएमआईएस पर, दिनांक 15 अगस्त 2019 को, सूचित किए गए अनुसार, केवल 11.68 लाख (11%) ग्रामीण परिवारों के पास नल जल कनेक्शन थे। जेजेएम के अंतर्गत, 46.68 लाख और ग्रामीण परिवारों को नल जल कनेक्शन प्रदान किए गए हैं और इस प्रकार, दिनांक 20.11.2024 तक, राजस्थान में 58.37 लाख (54.40%) से अधिक ग्रामीण परिवारों के लिए नल जल आपूर्ति का प्रावधान उपलब्ध है।

राजस्थान में जल जीवन मिशन के कार्यान्वयन की धीमी गति का कारण मुख्यत: राज्य स्तरीय स्कीम स्वीकृति समिति (एसएलएसएससी) द्वारा अनुमोदित कई जेजेएम कार्यों की निविदा न दिया जाना है। इसके अलावा, वित्त वर्ष 2024-25 तक राज्य को जेजेएम के तहत आवंटित 41,414.24 करोड़ रुपये की केंद्रीय अनुदान सहायता में से, इस राज्य को राज्यांश निधि की अनुपलब्धता के कारण केवल 12,268.32 करोड़ रुपये ही प्राप्त हो सके, इस प्रकार, राजस्थान में जेजेएम के कार्यान्वयन की गति प्रभावित हुई।

राज्य के सभी ग्रामीण परिवारों हेतु नल जल कनेक्शन के प्रावधान में तेजी लाने के लिए, बुनियादी स्तर पर जेजेएम के कार्यान्वयन की गति में वृद्धि करने हेतु राज्य सरकार से अनुपालन के लिए ठोस प्रयास किए गए हैं। इनमें राज्य सरकार के साथ नियमित आधार पर उच्च स्तरीय संयुक्त समीक्षा बैठकें आयोजित करना और विभाग से बहु-विषयक टीमों का दौरा करना शामिल है ताकि उन क्षेत्रों को हाईलाइट किया जा सके जिन पर मिशन मोड में कार्यान्वयन में तेजी लाने के लिए ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है, ताकि सभी परिवारों हेतु समयबद्ध तरीके से नल जल आपूर्ति का प्रावधान किया जा सके।

(ग): जल राज्य सूची का विषय है और इसलिए ग्रामीण परिवारों को नल जल उपलब्ध कराने के लिए पाइपगत जल आपूर्ति स्कीमों की आयोजना और कार्यान्वयन की प्राथमिक जिम्मेदारी संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकार की है। इस प्रकार, शिकायतें आदि में अन्य *बातों के साथ-साथ* जेजेएम के अंतर्गत घटिया पाइपलाइनों, टैंकियों और पंप हाउसों की हैंडलिंग और निपटान राज्य/संघ राज्य क्षेत्र स्तर पर किया जाता है। जब कभी इस विभाग में ऐसी शिकायतें/अभ्यावेदन प्राप्त होते हैं, उन्हें आवश्यक सुधारात्मक उपाय करने के लिए राज्य सरकार को अग्रेषित कर दिया जाता है। इसके अलावा, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग राष्ट्रीय वॉश विशेषज्ञों द्वारा कार्यशीलता मूल्यांकन, यथार्थ उपलब्धि, कॉल-आधारित फीडबैक, राष्ट्रीय टीमों द्वारा क्षेत्र दौरे, बैठकों में स्थिति की समीक्षा आदि जैसे कई उपाय करता है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कार्यों की गुणवत्ता से संबंधित शिकायतों का समाधान राज्य/संघ राज्य क्षेत्र द्वारा किया जाता है।

(घ): राजस्थान राज्य सरकार द्वारा सूचित किए गए अनुसार, दिनांक 20.11.2024 तक, राजस्थान में 58.37 लाख (54.40%) से अधिक ग्रामीण परिवारों के लिए नल जल आपूर्ति का प्रावधान उपलब्ध है। राजस्थान में जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्रामीण परिवारों को उपलब्ध कराए गए नल जल कनेक्शनों की जिला-वार संख्या **अनुबंध** में दी गई है।

*****

अनुबंध

दिनांक 25.11.2024 को उत्तर हेतु राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 93 के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

क्र.सं.	जिले	कुल ग्रामीण परिवार	15.08.2019 की स्थिति के अनुसार नल जल कनेक्शन वाले ग्रामीण परिवार		20.11.2024 की स्थिति के अनुसार नल जल कनेक्शन वाले ग्रामीण परिवार	
			संख्या	%	संख्या	%
1	अजमेर	1,52,474	35,795	11.25%	94,935	63.01
2	अलवर	2,50,827	49,841	9.35%	1,39,528	55.63
3	अनूपगढ़	1,19,101	-	-	95,090	79.84
4	बालोतरा	2,12,265	-	-	1,27,424	60.03
5	बांसवाड़ा	3,82,532	14,712	4.46%	1,07,642	28.14
6	बारां	2,37,511	14,224	6.41%	82,835	34.88
7	बाड़मेर	2,70,313	21,469	5.39%	45,806	16.95
8	ब्यावर	1,97,144	-	-	1,24,228	63.00
9	भरतपुर	2,14,114	8,715	2.25%	1,23,343	57.61
10	भीलवाड़ा	2,73,476	73,329	16.89%	2,21,057	80.83
11	बीकानेर	3,08,296	44,073	18.12%	1,73,222	56.58
12	बूंदी	1,92,303	13,046	6.95%	69,918	36.36
13	चित्तौड़गढ़	2,93,660	27,830	9.78%	83,663	28.49
14	चुरू	3,00,702	27,404	9.28%	2,02,481	67.34
15	दौसा	2,56,676	12,902	5.12%	1,06,883	41.64
16	डीग	1,75,587	-	-	42,830	24.39
17	धौलपुर	1,81,890	6,009	3.20%	78,829	43.32
18	डीडवाना-कुचामन	2,88,469	-	-	2,41,910	83.86
19	दूदू	66,021	-	-	63,506	96.19
20	डूंगरपुर	3,05,757	11,040	4.42%	87,060	28.47
22	गंगानगर	1,83,299	15,173	5.12%	1,66,273	90.71
23	गंगापुरसिटी	1,52,252			82,758	54.36
24	हनुमानगढ़	2,92,514	77,784	26.80%	2,45,240	83.84
25	जयपुर (ग्रामीण)	4,38,639	93,739	17.65%	2,65,171	60.45
26	जैसलमेर	1,22,447	2,442	2.35%	47,914	39.13
27	जालौर	2,26,634	66,732	19.36%	1,30,940	57.61
28	झालावाड़	2,56,306	18,248	7.50%	1,81,017	70.63
29	झुंझुनूं	2,72,581	59,874	18.13%	1,39,661	51.24
30	जोधपुर (ग्रामीण)	3,33,457	28,007	7.49%	1,90,629	56.58
21	करौली	1,67,457	14,855	6.93%	1,01,885	60.93
31	केकड़ी	1,08,148	-	-	52,610	48.65
32	खैरथल-तिजारा	1,46,149	-	-	87,793	60.07
33	कोटा	1,61,522	11,016	5.62%	75,049	46.46
34	कोटपुतली-बहरोड़	2,05,076	-	-	1,14,476	55.82
35	नागौर	3,05,772	86,629	16.92%	1,86,291	61.1

क्र.सं.	जिले	कुल ग्रामीण परिवार	15.08.2019 की स्थिति के अनुसार नल जल कनेक्शन वाले ग्रामीण परिवार		20.11.2024 की स्थिति के अनुसार नल जल कनेक्शन वाले ग्रामीण परिवार	
			संख्या	%	संख्या	%
36	नीम का थाना	1,89,403	-	-	1,19,667	63.18
37	पाली	3,04,061	1,12,881	31.22%	2,35,230	77.36
38	फलौदी	1,11,419			38,655	34.69
39	प्रतापगढ़	1,70,006	6,017	3.41%	53,186	31.29
40	राजसमंद	2,03,256	65,598	30.65%	1,31,607	64.75
41	सलूम्बर	1,32,897	-	-	54,972	41.36
42	सांचौर	1,58,066	-	-	66,221	41.90
43	सवाई माधोपुर	1,42,886	17,740	7.56%	87,308	62.26
44	शाहपुरा	1,56,145	-	-	1,48,809	95.29
45	सीकर	2,68,718	43,633	12.36%	1,41,008	52.47
46	सिरोही	1,86,046	42,542	24.67%	1,05,267	57.17
47	टोंक	2,19,729	9,311	4.19%	1,32,103	60.12
48	उदयपुर	4,34,861	41,521	7.72%	1,43,030	32.89
कुल		**1,07,28,967**	**11,68,553**	**11.69%**	**58,36,965**	**54.40**

डेटा स्रोत: जेजेएम आईएमआईएस